भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 05.06.2023

पर्यावरण संरक्षण का इंजन बन रही है आरेडिका

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 05.06.2023 को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कॉलोनी परिसर में महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ वृक्षारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया।

महाप्रबंधक महोदय ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आरेडिका में 1 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है तथा भविष्य में आरेडिका की पहचान एक हरित परिसर के रूप में हो। वातावरण को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। बृक्षारोपण से जहाँ विभिन्न प्रकार के प्रदूषण से मुक्ति मिलती है तो वहीं दूसरी ओर साफ–सुथरे वातावरण का निर्माण होता है। प्लास्टिक प्रदूषण को किस प्रकार रोका जाए इस पर विचार व्यक्त किए। स्वच्छ वातावरण एक सकारात्मक छवि का निर्माण करता है जिसका प्रभाव व्यक्ति के स्वभाव, स्वास्थ्य और कार्य पर पड़ता है।

आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा ने ज्ञानदा स्कूल में महिलाओं के साथ वृक्षारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया।

इण्टरनेशनल असेंबली ऑफ ह्यूमन राइटस् (एनजीओ) के अध्यक्ष श्री नवनीत पाण्डेय ने आरेडिका में वृक्षारोपण में पूर्ण सहयोग देने की इच्छा व्यक्त की है। वह सिंगल यूज प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं तथा जागरुकता अभियान चला रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि आरेडिका को हरा–भरा और सुन्दर बनाने के लिए हर वर्ष हजारों की संख्या में पेड़–पौधे लगाए जाते हैं और सिविल विभाग द्वारा उनकी नियमित देखभाल की जाती है। आज इसी का परिणाम है कि बंजर भूमि में स्थापित आरेडिका ईको ग्रीन फैक्ट्री एवं कॉलोनी के रूप में विकसित हो रही है।

इस अवसर पर आरेडिका के अधिकारीगण, कर्मचारी, यूनियनों के प्रतिनिधि, स्काउट गाइड के बच्चे, सभी ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

05/6/2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी